58

एक सफल व्यापारी की गलतियां[1]

लूका 12:13-21, एक निकट दृष्टि

जीवन की तुलना एक ऐसी प्रदर्शनी वाली खिड़की से की जाती है, जिसमें अमूल्य वस्तुओं के दाम बहुत ही कम, जबकि व्यर्थ सामान के दाम बहुत ही ऊंचे होते हैं।[2] आज महत्व की चीज़ें कई बार महत्वहीन लगती हैं, जबकि सस्ती और चमकीली, लेकिन घटिया बहुमूल्य लगती हैं।

हम ऐसे संसार में रहते हैं, जिसमें भौतिक पर ज़ोर दिया जाता है।[3] बहुत से लोगों को तो आर्थिक सफलता, आर्थिक स्वास्थ्य और सम्पत्ति जमा करने की सनक होती है। इस ज़ोर देने वाली बात से घिरे हुए होने के कारण हमारा ध्यान वास्तविक बातों से आसानी से हट सकता है। बाइबल के हमारे पाठ की कहानी लूका 12:13-21 में ऐसी ही बात थी।

एक दिन, यीशु लोगों को सिखा रहा था कि भीड़ में से किसी ने आकर उसे बीच में रोक दिया: ''हे गुरु, मेरे भाई से कह, कि पिता की संपत्ति मुझे बांट दे'' (आयत 13)। उस व्यक्ति का ध्यान उपदेश सुनने पर बिल्कुल नहीं था। मसीह के वचनों से तृप्त होने के बजाय वह छोटे-छोटे घरेलू झगड़ों में तल्लीन था। हर प्रचारक को ऐसा अनुभव होता है। वह लोगों को समय तथा अनन्तकाल के लिए तैयार करने के लिए वचन सुनाने की कोशिश करता है। फिर आराधना सभा के बाद, कोई आकर बिल्कुल ही अप्रासंगिक टिप्पणी करता है, जिससे लगता है कि उसने किसी बात पर ध्यान नहीं दिया।[4]

प्रभु इस बात से दुखी था कि उसकी बातों का उसके मन पर कोई असर नहीं हुआ था। उसने कहा, ''हे मनुष्य, किस ने मुझे तुम्हारा न्यायी या बांटनेवाला नियुक्त किया है[5] ?'' (आयत 14)।[6] उस मनुष्य के मन में झांकते हुए, उसने उसकी समस्या का पता लगा लिया था। उसने उससे कहा, ''चौकस रहो, और हर प्रकार के लोभ से अपने आप को बचाए रखो: क्योंकि किसी का जीवन उसकी सम्पत्ति की बहुतायत से नहीं होता'' (आयत 15)। फिर उसने एक दृष्टांत कहा:

> किसी धनवान की भूमि में बड़ी उपज हुई। तब वह अपने मन में विचार करने लगा, कि मैं क्या करूं, क्योंकि मेरे यहां जगह नहीं, जहां अपनी उपज इत्यादि रखूं।

> और उस ने कहा; मैं यह करूंगा: मैं अपनी बखारियां तोड़ कर[7] उन से बड़ी बनाऊंगा; और वहां अपना सब अन्न और सम्पत्ति रखूंगा: और अपने प्राण से कहूंगा, कि प्राण, तेरे पास बहुत वर्षों के लिए बहुत सम्पत्ति रखी है; चैन कर, खा, पी, सुख से रह। परन्तु परमेश्वर ने उस से कहा; हे मूर्ख, इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा: तब जो कुछ तू ने इकट्ठा किया है, वह किस का होगा ?[8] (आयतें 16-20)।

इस पाठ को उसने यह कहते हुए समाप्त किया कि ''ऐसा ही वह मनुष्य भी है जो अपने लिए धन बटोरता है, परन्तु तू परमेश्वर की दृष्टि में धनी नहीं''[9] (आयत 21)।

सांसारिक दृष्टिकोण से इस दृष्टांत वाला आदमी बहुत सफल माना जाएगा। मूल पवित्र शास्त्र में संकेत है कि वह एक किसान और व्यापारी था और दोनों कामों में उसे काफ़ी सफलता मिली थी। आज हम उसे ''एक सफल व्यापारी'' का नाम देंगे। मुझे यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि उसे धन मिलने में कोई बुराई नहीं थी। कई बार यह कहा जाता है कि ''धन हर बुराई की जड़ है,'' परन्तु पौलुस ने कहा कि ''रुपये का *लोभ* सब प्रकार की बुराइयों की जड़ है'' (1 तीमुथियुस 6:10क)। धन का इस्तेमाल भले कामों के लिए हो सकता है। ''यूसुफ नाम अरिमतियाह का एक धनी मनुष्य ... यीशु का चेला था'' (मत्ती 27:57)। समस्या धन की नहीं, बल्कि इसके प्रति व्यवहार की है। जॉर्ज डब्ल्यू. बेली ने इसे इस प्रकार कहा है: ''हानि सम्पत्ति के *स्वामित्व* से नहीं, बल्कि उस सम्पत्ति के प्रति *झुकाव* से है।''[10]

उस धनी आदमी की मृत्यु होने पर उसके जनाज़े पर प्रचार करने वाले को उसमें अच्छाइयां गिनाने में कोई दिक्कत नहीं हुई होगी। स्पष्टतया उस आदमी ने धन ईमानदारी से कमाया था। ऐसा कोई संकेत नहीं है कि उसने कोई दो नम्बर का धन्धा करके धन जमा किया हो। किसी प्रकार की अनैतिकता का कोई संकेत नहीं है; स्पष्टतया वह एक भला और सदाचारी मनुष्य था। तौ भी इस सफल व्यापारी ने कई गम्भीर गलतियां कीं, जिनका दण्ड उसके प्राण को भुगतना पड़ा।

गलती #1-उसमें मूल्यों की कदर करने की कमी थी

पहली बात तो यह कि उसमें मूल्यों के महत्व को समझने की कमी थी। उसने जीविका कमाने के लिए परमेश्वर के प्राकृतिक नियमों का तो पालन किया, परन्तु जीवन बनाने के लिए परमेश्वर के आत्मिक नियमों की उपेक्षा की थी।

जीवन की दिशा, लक्ष्य और सिद्धान्तों को प्रेरित करने से महत्वपूर्ण कोई और बात नहीं है। मैं गलत हो सकता हूं, परन्तु मेरा विश्वास है कि यदि मेरे जीवन की प्रमुख बात धनी बनना हो तो मैं धनी बन सकता हूं। धन जमा करने पर उपलब्ध किताबों में आमतौर पर यही ज़ोर दिया जाता है कि मन में यही लक्ष्य होना आवश्यक है। ऐसे लक्ष्य के खतरों के बारे में पौलुस ने लिखा है:

> पर *जो धनी होना चाहते हैं,* वे ऐसी परीक्षा, और फंदे और बहुतेरी व्यर्थ और हानिकारक लालसाओं में फंसते हैं, जो मनुष्यों को बिगाड़ देती हैं और विनाश के समुद्र में डुबो देती हैं। क्योंकि रुपये का लोभ सब प्रकार की बुराइयों की जड़ है, *जिसे प्राप्त करने का प्रयत्न करते हुए* कितनों ने विश्वास से भटक कर अपने आप को नाना प्रकार के दुखों से छलनी बना लिया है (1 तीमुथियुस 6:9, 10)।

धनी मनुष्य का मन उसकी सम्पत्ति पर लगा था। जहां तक बाइबल संकेत देती है, उसने कभी परमेश्वर, अपने साथियों या किसी और ज़िम्मेदारी पर विचार नहीं किया था। सामने पड़ा एक छोटा-सा सिक्का बहुत बड़े पहाड़ को आंखों से ओझल कर सकता है। इसी प्रकार, मन में सम्पत्ति की बातें व्यक्ति को जीवन के वास्तविक महत्व से हटा सकती हैं।[11]

पौलुस ने लिखा है कि हमें चाहिए कि ''*देखी* हुई वस्तुओं को नहीं[12] परन्तु *अनदेखी* वस्तुओं को देखते रहें, क्योंकि देखी हुई वस्तुएं[13] थोड़े ही दिन की हैं, परन्तु अनदेखी वस्तुएं सदा बनी रहती हैं'' (2 कुरिन्थियों 4:18)। यीशु ने सवाल पूछा था, ''यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करे, और अपने प्राण की हानि उठाए, तो उसे क्या लाभ होगा? या मनुष्य अपने प्राण के बदले में क्या देगा?'' (मत्ती 16:26)। उसने हम में से हर किसी को ''पहिले [परमेश्वर के] राज्य और धर्म की खोज'' (मत्ती 6:33) करने को प्रोत्साहित किया। उसने कहा कि यह देखकर कि किसी की सम्पत्ति कहां है, यह बताया जा सकता है कि उसका मन कहां है (मत्ती 6:21)।

उस धनी आदमी ने अपना भरोसा उस पर रखा था, जो थोड़े ही दिनों का था। परमेश्वर ने उससे कहा, ''... इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा: तब जो कुछ तू ने इकट्ठा किया है, वह किस का होगा?'' (लूका 12:20)। लोग अपना जीवन धन जमा करने में लगा देते हैं और अन्त में उनके पास क्या होता है? कुछ भी तो नहीं।[14] भजन लिखने वाले के अनुसार, मृत्यु के समय मनुष्य, ''कुछ भी साथ न ले जाएगा'' (भजन संहिता 49:16, 17)। अय्यूब ने कहा, ''मैं अपनी मां के पेट से नंगा निकला और वहीं नंगा लौट जाऊंगा'' (अय्यूब 1:21क)। पौलुस ने लिखा है, ''न हम जगत में कुछ लाए हैं और न कुछ ले जा सकते हैं'' (1 तीमुथियुस 6:7)।[15] जो कब्र में हमारे साथ नहीं जा सकता, हमें चाहिए कि उसे प्राथमिकताओं की अपनी सूची में सबसे ऊपर न रखें। यीशु ने आग्रह किया:

> अपने लिए पृथ्वी पर धन इकट्ठा न करो, जहां कीड़ा और काई बिगाड़ते हैं, और जहां चोर सेंध लगाते और चुराते हैं। परन्तु अपने लिए स्वर्ग में धन इकट्ठा करो, जहां न तो कीड़ा और न काई बिगाड़ते हैं और जहां चोर न सेंध लगाते और न चुराते हैं (मत्ती 6:19, 20)।

मवेशियों का एक धनी मालिक एक प्रचारक को एक पशुफॉर्म पर एक ऊंची पहाड़ी पर ले जाकर पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण की ओर दिखाते हुए कहने लगा, ''जहां तक आप देख सकते हैं, सब मेरा है।'' प्रचारक ने आकाश की ओर संकेत करते हुए पूछा,

''और *उसमें* से कितना तुम्हारा है?'' यह बहुत ही आवश्यक है कि हम जान लें कि सचमुच में कौन सी बात महत्वपूर्ण है और फिर उसे अपने जीवनों में *प्राथमिकता* दें।

गलती #2-वह स्वार्थी था

दूसरी बात, वह सफल व्यापारी स्वार्थी था। यूनानी में, उसकी कहानी को बताती तीन आयतों में उत्तम पुरुष सर्वनाम (''मैं'' और ''मेरा'') बारह बार मिलता है।

धनवान बनने की धुन में रहना व्यक्ति को केवल स्वार्थी ही बना सकता है, जिससे उसका ध्यान दूसरों पर न जाए। एक मसीही व्यापारी ने एक बार मुझे बताया था कि उसे इतनी कमाई हो रही थी कि उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह उसका क्या करे। उसने कहा, ''मैंने इसे केवल निवेश में डाल दिया।'' इसके थोड़ी देर बाद, उस कलीसिया को जिसका वह सदस्य था, कोई भला काम करना था। उसने उस मण्डली की कई विधवाओं से भी कम डाला! खिड़की के शीशे और घर के दर्पण में अन्तर यही होता है कि दर्पण के पीछे *चांदी* होती है।[16] जब आप कोरे शीशे में से देखते हैं, तो आपको दूसरे लोग दिखाई देते हैं, पर जब आप चांदी के शीशे में झांकते हैं तो आपको केवल अपना आप ही दिखाई देता है।[17]

धनी आदमी को यह ध्यान नहीं रहा था कि ''बखारियां'' तो उसके पास पहले ही थीं, जिनमें वह अपना अतिरिक्त अनाज डाल सकता था: उन लोगों के हाथ जो दुखी थे, उन लोगों के मुंह जो भूखे थे, उन लोगों की पीठें जो सर्दी में रह रहे थे, विधवाओं तथा अनाथों के जीवन[18] (देखें लूका 12:33; इफिसियों 4:28)।

परमेश्वर पृथ्वी पर हमें दूसरों की सेवा के लिए रखता है। ''इसलिए जहां तक अवसर मिले हम सब के साथ भलाई करें; विशेष करके विश्वासी भाइयों के साथ'' (गलातियों 6:10)। जॉन एच. हेन्ज़ जो अचार बेचने से धनी हुआ,[19] का यह कहना था: ''पहले परमेश्वर, उसके बाद दूसरे लोग, और सबसे बाद अचार।'' एक बूढ़े आदमी ने अपने बेटे को बताया: ''परमेश्वर न्याय के समय, तुम्हारे धन के बारे में तुम से तीन प्रश्न पूछेगा: (1) क्या तुम ने वह किया जो तुम कर सकते थे? (2) क्या तुमने इसे ईमानदारी से किया? (3) क्या तुम ने इसे दूसरों के लिए किया?'' सम्पत्ति का केवल आनन्द ही नहीं लेना चाहिए; इसे इस्तेमाल भी करना चाहिए-दूसरों की सहायता के लिए।

धनवान को लगा था कि उसकी सम्पत्ति उसी की है, वह जैसे चाहे उसे इस्तेमाल करे। वह यह समझने में नाकाम रहा कि वह तो उसका केवल *भण्डारी* था। कानूनी अर्थ में, हम मालिक हैं; पर बाइबल के अर्थ में हम प्रभु के लिए जो उन्हें देता है, केवल उनके रखवाले हैं।[20] उस धनवान वाली गलती आज भी वे लोग करते हैं जो पुकारते हैं, ''मेरे पास जो कुछ है वह *मेरा* है और किसी को मुझे यह बताने का अधिकार नहीं है कि मैं इसका क्या करूं!''

हम में से हर एक के सामने सबसे बड़ी आत्मिक लड़ाई यह है कि हम अपने स्वार्थ से पीछा छुड़ाने के लिए प्रयासरत हैं (देखें फिलिप्पियों 2:3)। ''एक स्वार्थी युवती के बारे

में कहा जाता था, 'ऐडिथ की एक छोटी सी दुनिया थी, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम तक ऐडिथ तक ही सीमित थी।' ''[21] क्या यह हो सकता है कि आप और मैं ऐडिथ जैसे हों? क्या हमें दूसरों की आवश्यकताओं की परवाह है या हम सहायता करने के अवसरों को बुरा मानते हैं? परमेश्वर दूसरों के बारे में सोचना सीखने में हमारी सहायता करे!

गलती #3-उसे लगा कि वह भौतिक वस्तुओं से अपने प्राण को बचा सकता है

तीसरी, उस सफल व्यापारी को लगा कि वह भौतिक वस्तुओं से अपने प्राण को जीवित रख सकता है। उसने कहा, ''प्राण, तेरे पास बहुत वर्षों के लिए बहुत सम्पत्ति रखी है; चैन कर, खा, पी और सुख से रह''[22] (लूका 12:19)।

इस आदमी की बातों की मूर्खता स्पष्ट दिखाई देती है। अपने मन में टेबलटॉप (मेज़ पर इस्तेमाल होने वाली) की एक तस्वीर बनाएं।[23] बाईं ओर स्वादिष्ट खाना पड़ा है और दाईं ओर बाइबल पड़ी है। एक भोजन शरीर के लिए है, दूसरा आत्मा के लिए है। शरीर के लिए आवश्यक भोजन खाकर आत्मा की भूख नहीं मिटाई जा सकती। यीशु ने ''नाशवान भोजन'' और उस भोजन में ''जो अनन्त जीवन तक ठहरता है'' अन्तर किया (यूहन्ना 6:27)। उसने कहा, ''मनुष्य केवल रोटी से ही नहीं, परन्तु हर एक वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है, जीवित रहेगा'' (मत्ती 4:4)। शरीर के लिए प्रबन्ध करना और आत्मिक के लिए कोई प्रयास न करना मूर्खता की हद है।

क्या यह हो सकता है कि हम कभी-कभी उसी फंदे में घिर जाते हैं, जिसमें वह धनवान फंसा था? क्या हमने कभी सोचा या यह कहा है कि ''यदि मेरे पास केवल हो[24] तो मैं प्रसन्न हो सकता हूं''? बहुत से लोग अधिक से अधिक सम्पत्ति जमा करके मन की शान्ति और सुरक्षा ढूंढ़ रहे हैं, परन्तु प्रभु ने कहा है कि ''किसी का जीवन उस की सम्पत्ति की बहुतायत से नहीं होता'' (लूका 12:15)। प्रसन्नता बहुत सम्पत्ति से नहीं बल्कि जो हमारे पास पहले से है, उसके प्रति हमारे सकारात्मक व्यवहार से मिलती है। पौलुस ने लिखा है:

> ... सन्तोष सहित भक्ति बड़ी कमाई है। क्योंकि न हम जगत में कुछ लाए हैं और न कुछ ले जा सकते हैं और यदि हमारे पास खाने और पहिनने को हो, तो इन्हीं पर संतोष करना चाहिए (1 तीमुथियुस 6:6-8)।

किसी ने कहा है कि ''सारा संसार प्रसन्नता के पीछे है, पर बहुत से लोग गलत तलाश में हैं।'' सदा तक रहने वाली प्रसन्नता, पाकर नहीं, बल्कि देकर पाई जा सकती है। जॉन बेनिस्टर ने लिखा है, ''जीवन की सबसे बड़ी बात ... खर्चा है, आमदनी नहीं।''[25] यीशु ने कहा, ''लेने से देना धन्य है'' (प्रेरितों 20:35ख)।

प्राण की आवश्यकताओं को *वस्तुओं* से कभी पूरा नहीं किया जा सकता। यदि आप

अपने प्राण के लिए प्रबन्ध करना चाहते हैं, तो आप इसे अपने परमेश्वर के साथ आज्ञाकारी सम्बन्ध बनाकर और दूसरों के साथ प्रेमपूर्वक सम्बन्ध बनाकर पाल सकते हैं।

गलती #4-उसने सोचा कि उसे ''जीवन का पट्टा'' मिला है

उस धनवान की दूसरी बहुत सी गलतियां बताई जा सकती थीं, पर मैं केवल एक और गलती का उल्लेख करना चाहता हूं: उसने सोचा कि उसे ''जीवन का पट्टा'' मिल गया है, अर्थात उसे जीने और उन्नति करने के लिए कई वर्षों की गारन्टी मिली है। उसने सोचा कि उसके पास ''*बहुत वर्षों के लिए* बहुत सम्पत्ति'' है (लूका 12:19); परन्तु परमेश्वर ने उससे कहा, ''*इसी रात* तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा'' (आयत 20)।

कुछ लोगों को लगता है कि वे ''संसार में सदा तक'' रहेंगे-इस लिए वे जब चाहें मसीही बन सकते हैं, कभी भी प्रभु के लिए जीवन बिताने के प्रति गम्भीर हो सकते हैं, दूसरे लोगों के प्रति कभी भी दयालु हो सकते हैं। मुझ से कई लोगों ने कहा होगा, ''हां, मुझे पता है कि मुझे ऐसा करना चाहिए, और *किसी दिन* मैं अवश्य करूंगा।'' सुलैमान ने चेतावनी दी है, ''कल के दिन के विषय में मत फूल, क्योंकि तू नहीं जानता कि दिन भर में क्या होगा'' (नीतिवचन 27:1)। उन लोगों से जो बड़े आत्मविश्वास से भविष्य के लिए योजनाएं बनाते हैं, याकूब ने लिखा है:

> तुम जो यह कहते हो, कि आज या कल हम किसी और नगर में जाकर वहां एक वर्ष बिताएंगे, और व्यापार करके लाभ उठाएंगे, और यह नहीं जानते कि कल क्या होगा: सुन तो लो, तुम्हारा जीवन है ही क्या? तुम तो मानो भाप के समान हो, जो थोड़ी देर दिखाई देती है, फिर लोप हो जाती है। इसके विपरीत तुम्हें यह कहना चाहिए, कि यदि प्रभु चाहे तो हम जीवित रहेंगे, और यह या वह काम भी करेंगे (याकूब 4:13-15)।

जीवन थोड़ी देर का है और इसका कोई पता नहीं। बाइबल समझाती है कि ''मनुष्य जो स्त्री से उत्पन्न होता है, वह थोड़े दिन का और दुख से भरा रहता है। वह फूल की नाईं खिलता, फिर तोड़ा जाता है; वह छाया की रीति पर ढल जाता और कहीं ठहरता नहीं'' (अय्यूब 14:1, 2)। हम कल पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि कल कभी नहीं आएगा। जो किया जाना आवश्यक है, वह आज ही करना चाहिए।

मौत की बात को टालकर हम उससे बचना चाहते हैं, पर यह कभी भी किसी भी समय अचानक आ सकती है, और आती भी है। वह धनवान शायद भरपूर जवानी में था, उसे लगा कि उसने अभी बहुत साल और जीवित रहना है। इसके विपरीत, वह चौबीस घण्टे भी जीवित नहीं रहा: ''इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा।'' ''अचानक मौत'' समाचार पत्र की सुर्खियों में से चिल्लाती है![26] मौत से कोई भी बच नहीं सकता है! किसी भी प्रकार का टीकाकरण इसे रोक नहीं सकता है (इब्रानियों 9:27)। एक आदमी के बारे में मैं पढ़ रहा था, अरे बाप रे, वह अपने स्वास्थ्य के प्रति कितना चौकस था![27] वह अपने कोलेस्ट्रोल का स्तर

बढ़ने नहीं देता था। वह वही भोजन खाता था, जिससे उसके शरीर की आवश्यकताएं पूरी होती रहें। वह व्यायाम करता था। समय पर डॉक्टर से परामर्श लेता था। एक दिन एक ट्रक ने उसे टक्कर मारी और उसकी मौत हो गई! हम में से कोई भी कल की गारन्टी नहीं ले सकता। अनन्तकाल के लिए हर समय तैयार रहना आवश्यक है।

यदि प्रभु अभी आ जाए और कहे, ''इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा'' तो आप क्या करेंगे? क्या आपका प्राण तैयार होगा? किसी ने लिखा है, ''आज के संसार में, प्राण एक हानि रहित, पर कुछ-कुछ अपैंडिक्स की तरह बेकार का जुड़ाव रह गया है।''[28] परन्तु बाइबल बताती है कि प्राण मनुष्य की सबसे अमूल्य सम्पत्ति है, यानी वास्तव में यही उसका अस्तित्व है। प्राण चला गया, तो सब कुछ चला गया। यीशु के प्रश्न को याद रखें: ''यदि मनुष्य सारे जगत को प्राप्त करे, और अपने प्राण की हानि उठाए तो उसे क्या लाभ होगा?'' (मत्ती 16:26क)। इसका समझ आने वाला उत्तर यही है कि ''कोई नहीं!'' हम में से हर किसी को इन भयभीत करने वाले शब्दों को सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए: ''इसी रात तेरा प्राण तुझ से ले लिया जाएगा।''

सारांश

मैंने पहले कहा था कि उस धनवान का जनाज़ा करने वाले प्रचारक को उसकी अच्छाइयां गिनाने में कोई कठिनाई नहीं आई होगी। न ही उसे दफ़नाने वालों को उसकी कब्र पर ''यहां हमारा एक प्रमुख अगुआ सो रहा है'' जैसे शब्द लिखने में कोई कठिनाई आई होगी। परन्तु उसकी कब्र पर लिखा प्रभु का वचन कहता है, ''यहां एक मूर्ख लेटा हुआ है।'' परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम उन गलतियों को न दोहराएं, जो उस सफल व्यापारी ने की थीं:

- मूल्यों को समझने के लिए काम करना आवश्यक है
- स्वार्थी होने से बचना आवश्यक है
- कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि भौतिक वस्तुओं से हमारा प्राण बच सकता है
- यह अहसास होना आवश्यक है कि हमें ''जीवन का पट्टा'' नहीं मिला है

अन्त में, आइए अन्तिम बात पर विचार करते हैं। हमें जीवन का एक और दिन देने की गारन्टी नहीं दी गई है। हो सकता है कि इस अध्ययन से आपका विवेक जाग उठा हो। हो सकता है कि इसने आपको पाप का दोषी पाया हो। यदि ऐसा है, तो मेरी प्रार्थना है कि आप इस बात का अहसास करें कि जीवन थोड़े समय का है और इसका कोई पता नहीं, इसलिए आप अपने आप को आज ही परमेश्वर के अनुग्रह के सामने डाल दें।

हम में से अधिकतर लोग समय का बड़ा ध्यान रखते हैं।[29] ''समय क्या हुआ?'' प्रश्न सुनना आम बात है। कलाई पर बंधी घड़ी मुझे इस भौतिक संसार का समय बताती है, परन्तु

हाथ में पकड़ी किताब मुझे आत्मिक समय बताती है:[30] यह समय पापियों के लिए उद्धार पाने का है (मरकुस 16:15, 16; प्रेरितों 2:38)। यह समय अविश्वासियों के लिए वापस लौटने का है (गलातियों 6:1; प्रेरितों 8:22, 23; याकूब 5:16)। ''... अभी प्रसन्नता का समय है ... अभी वह उद्धार का दिन है'' (2 कुरिन्थियों 6:2ख)।

नोट्स

जहां भी मैं गया या रहा हूं, वहां हर जगह, लूका 12:13-21 के संदेश की आवश्यकता है। नील लाइटफुट ने लिखा है, ''धन्य सामरी का दृष्टांत सब दृष्टांतों से व्यावहारिक है, तो धनवान मूर्ख का दृष्टांत सबसे आवश्यक है।''[31] मैंने इस प्रवचन का न केवल पुलपिट से प्रचार किया है, बल्कि मैंने इसे सामाजिक नेताओं को भी संक्षिप्त रूप में सुनाया है। आपने ध्यान दिया होगा कि मैंने इस प्रस्तुति के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली मुख्य शिक्षाओं की ओर ध्यान दिलाया है। थोड़े से विचार के साथ आप इन सुझावों को मिला सकते हैं। उदाहरण के लिए, जीवन की संक्षिप्तता पर ज़ोर देने के लिए आप एक फूल को दिखा सकते हैं (अय्यूब 14:2)। प्राण के लिए भोजन बनाम शरीर के लिए भोजन की बात करते हुए आप प्लेट या कटोरा भी हाथ में ले सकते हैं।

टिप्पणियां

[1]यह पाठ कई वर्ष पूर्व तैयार किए गए प्रवचन नोट्स के आधार पर बनाया गया है, जब मैं यह नहीं लिखता था कि उन्हें किस स्रोत से लिया गया है। जिसको श्रेय देना हो, उसे श्रेय न दे पाने के लिए मैं क्षमा चाहता हूं। [2]अमेरिका में और अन्य स्थानों में कई दुकानों पर दरवाज़े के साथ डिस्प्ले विंडोज़ होती हैं। इन विंडोस में सैम्पल रखे होते हैं। कई बार सैम्पलों पर विक्रय मूल्य दर्शाते टैग लगे होते हैं। इस उदाहरण का एक और संस्करण रात के समय उस दुकान में दीवार तोड़कर घुसने और कीमत लगी उन पर्चियों को मिला देने का उदाहरण बताना है। [3]यह उस देश में भी सत्य है, जिसे ''धनी'' कहा जाता है और उसमें भी जिसे ''निर्धन।'' अपने सुनने वालों के परिचित उदाहरणों का इस्तेमाल करें। [4]इसका कोई व्यक्तिगत उदाहरण इस्तेमाल करें। ''बिग डॉन'' विलियम्स ने बताया कि किसी ने उसे बताया कि उसके साथ बात करते हुए किसी ने कितनी बार अपनी पैंट खींची। एलन ब्रायन ने एक श्रोता के बारे में बताया जिसने गिना कि उसने अपने एक लैक्चर में कितनी बार एक विशेष शब्द गलत बोला था। [5]यूनानी में ''तुम्हारा'' शब्द बहुवचन में है। यह ''तुम्हारा और तुम्हारे भाई का'' हो सकता है। सम्भव है कि उसका भाई भी वहीं हो। [6]यीशु के पास सारा अधिकार है (मत्ती 28:18) और एक दिन वह हमारा न्याय करने वाला होगा (प्रेरितों 17:31)। परन्तु पृथ्वी पर वह छोटे-छोटे झगड़ों को निपटाने के लिए नहीं आया, जिन्हें दूसरे लोग निपटा सकते हैं। यीशु को यह झगड़ा निपटाने के लिए कहना नगर के सबसे महंगे डॉक्टर के पास जाकर एक दांत निकलवाने के लिए कहने जैसा है, जो पूरे दांत बड़े आराम से निकालता है। [7]उसकी बखारियां उन बखारियों से जो आप के या मेरे ध्यान में हैं, अलग होंगी। कुछ लोगों ने सुझाव दिया है कि उस देश में, आनाज का गोदाम आम तौर पर भूमि में गड्ढा खोदकर या हौज़ में बनाया जाता था। इस विवरण से कहानी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। संसार के अपने भाग में ''बखारी'' की जो भी विशेषताएं हैं, उन पर विचार करें। [8]''जो कुछ तू ने इकट्ठा किया है, वह किसका होगा?'' प्रश्न के सम्बन्ध में देखें अय्यूब 27:16, 17; भजन संहिता 39:6; 49:10; सभोपदेशक 2:18, 19, 21. शायद यीशु के मन में

दो भाई थे जो अपने पिता द्वारा छोड़ी सम्पत्ति पर झगड़ रहे थे।[9]''परमेश्वर की दृष्टि में धनी'' होने का अर्थ ''कृत्तज्ञतापूर्वक यह मान लेना कि हर चीज़ परमेश्वर की ओर से मिलती है, और फिर उस सब को जो वह हमें देता है दूसरों की भलाई और परमेश्वर की महिमा के लिए इस्तेमाल करना है'' (वारेन डब्ल्यू. वियसर्बे, *द बाइबल एक्सपोज़िशन कमैन्ट्री,* अंक 1 [व्हीटन, इलिनोइस: विक्टर बुक्स, 1989], 221)। जे. बी. फिलिप्स के अनुवाद में ''परमेश्वर की नज़र में धनी नहीं'' (*द न्यू टैस्टामेंट इन मॉडर्न इंग्लिश,* 151)।[10]जॉर्ज डब्ल्यू. बी. बेली, ''द रिच कैन बी फूल्ज़ एण्ड फूल्ज़ कैन बी रिच,'' *द प्रीचर'स पिरियोडिकल* (जुलाई 1982): 26.

[11]अमेरिका में, आप कह सकते हैं कि धन लगातार हमारा ध्यान वास्तविक महत्व की बात की ओर दिला रहा है। अमेरिका की करंसी पर ''In *God* We Trust'' यानी हमारा भरोसा परमेश्वर में है, अंकित रहता है।[12]पैसा या बिल जिसे ''देखा'' जा सकता हो, हाथ में पकड़ें।[13]पुनः, विज़ुअल-एड के रूप में धन का इस्तेमाल किया जा सकता है।[14]यदि आप समझाने के लिए बिल या पैसे का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे छिपा दें। (मैं सिक्के को ''गायब'' करने के लिए एक आसान सा ट्रिक अपनाता हूं।)[15]जहां मैं बड़ा हुआ हूं, वहां हमारे यहां कहावत थी: ''कफ़न में जेब नहीं होती।'' अब मुर्दों को कफ़न नहीं पहनाए जाते, पर सिद्धान्त वही है।[16]वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए बनाए गए दर्पण में एल्यूमिनियम या अन्य धातुओं का इस्तेमाल होता है, पर घरों में इस्तेमाल होने वाले अधिकतर दर्पण आज भी शीशे के पीछ सिल्वर लगाकर बनाए जाते हैं।[17]इसे कोरे शीशे और छोटे दर्पण के साथ दिखाया जा सकता है।[18]यह वाक्य मिलन के चौथी शताब्दी के बिशप एम्ब्रोस से लिया गया (रिचर्ड सी. ट्रैंच, *नोट्स ऑन द पैरेबल्स ऑफ़ अवर लॉर्ड* [वैस्टवुड, न्यू जर्सी, फ्लेमिंग एच रेवल कं., 1953], 341)।[19]अमेरिका की आज की पीढ़ी उसे हेन्ज़ *केचअप* के नाम से पहचानती होगी, पर हेन्ज़ ने अचार से ही काम आरम्भ किया था।[20]सभी आशिषें प्रभु की ओर से मिलती हैं (व्यवस्थाविवरण 8:18; 1 इतिहास 29:14; याकूब 1:17), और हम भण्डारी हैं, जिन्हें हर एक दिन हिसाब देना होगा (देखें लूका 16:2; 1 कुरिन्थियों 4:2)।

[21]विलियम बार्कले, *द गॉस्पल ऑफ़ लूक,* संशो. संस्क., द डेली बाइबल स्टडी सीरीज़ (फिलाडेल्फिया: वेस्टमिंस्टर प्रैस, 1975), 164. [22]एक लेखक ने उस धनवान के अपने प्राण से यह कहने को संक्षिप्त किया: ''ऐश कर, खा-पी और प्रख्यात हो।''[23]आप मेज़ पर खाने और बाइबल वाले चित्रों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही, जहां लोग बर्गर अधिक खाते हैं, वहां एक हाथ में बर्गर और दूसरे हाथ में बाइबल का चित्र दिखा सकते हैं।[24]इसे व्यक्तिगत बनाएं: नये या अच्छे घर, नई नौकरी या जो भी उपयुक्त हो अपने क्षेत्र के हिसाब से इस्तेमाल करें।[25]जॉन बेनिस्टर, ''द रिच फूल,'' *सरमन्ज़ ऑफ़ जॉन बेनिस्टर,* ग्रेट प्रीचरज़ ऑफ़ टुडे सीरीज़, अंक 8, सम्पा. जे. डी. थॉमस (अबिलेन, टैक्सस: बिब्लिकल रिसर्च प्रैस, 1965), 116. [26]समाचार पत्रों में अप्रत्याशित मृत्यु के उदाहरण मिल जाते हैं।[27]अगले वाक्य कुछ जटिल ढंग के हैं कि अमेरिका के लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। अपने क्षेत्र के लिए उपयुक्त उदाहरण इस्तेमाल करें।[28]अपैंडिक्स अर्थात छोटी आंत के बड़ी आंत से जुड़ने वाली जगह के पास एक छोटा सा अंग, जिसे ''मनुष्य के शरीर में कोई काम न करने वाला'' अंग माना जाता है (*ग्रोलियर'स मल्टीमीडिया इन्साइक्लोपीडिया,* 1997 सं., s.v. "appendix")।[29]संसार के जिस भाग में आप रहते हैं, उसके अनुकूल इसे अपना लें। संसार के कुछ भागों में लोग दूसरों से अधिक समय की परवाह करने वाले होते हैं।[30]आप घड़ी को और फिर बाइबल को देखकर ऐसा कर सकते हैं।

[31]नील आर. लाइटफुट, *द पैरेबल्स ऑफ़ जीज़स,* पार्ट 1 (ऑस्टिन, टैक्सस: आर. बी. स्वीट कं., 1963), 73.